**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2301**
**दिनांक 10 दिसम्बर, 2024 / 19 अग्रहायण, 1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**संघ राज्यक्षेत्र के सभी विभागों में सृजित पद**

**2301. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेलः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्यक्षेत्र में सभी विभागों की सभी श्रेणियों में सृजित पदों की कुल संख्या श्रेणी-वार सहित कितनी है;**

**(ख) क्या वर्तमान में सभी विभागों में सभी पद भरे हुए हैं तथा रिक्त पदों की संख्या कितनी हैं;**

**(ग) क्या इन रिक्त पदों को शीघ्र ही भरे जाने की संभावना है;**

**(घ) यदि हां, तो इन पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है; और**

**(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) से (ङ): संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, संघ राज्य क्षेत्र में 7125 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से 2945 पद रिक्त हैं। सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, त्यागपत्र आदि के कारण पदों का रिक्त होना और उन्हें भरना एक सतत प्रक्रिया है। इन पदों को समय-समय पर प्रासंगिक नियमों और विनियमों के अनुसार भरा जाता है।

******